INDIA NON JUDICIAL

Government of Uttar Pradesh

e-Stamp

IN-UP02518436113463V

Certificate No.	:	IN-UP02518436113463V
Certificate Issued Date	:	01-Sep-2023 12:10 PM
Account Reference	:	NEWIMPACC (SV)/ up14624804/ TARABGANJ/ UP-GND
Unique Doc. Reference	:	SUBIN-UPUP14624804006496662821487V
Purchased by	:	SHIVALIK M COLLEGE OF PHARMACY BHINGA SHARAWASTI
Description of Document	:	Article 4 Affidavit
Property Description	:	Not Applicable
Consideration Price (Rs.)	:	100 (One Hundred only)
First Party	:	SHIVALIK M COLLEGE OF PHARMACY BHINGA SHARAWASTI
Second Party	:	Not Applicable
Stamp Duty Paid By	:	SHIVALIK M COLLEGE OF PHARMACY BHINGA SHARAWASTI
Stamp Duty Amount(Rs.)	:	100 (One Hundred only)

ACC Code - UP14624804
ACC Adress - NAWABGANJ GONDA
Licence No. - 2/2
Tahsil - TARABGANJ
District - GONDA

NOTARIAL STAMP RS. 10/-AFFIXED
Surendr Kumar Singh
NOTARY TARABGANJ - GONDA U.P.

NOTARIAL NOTARIAL CANCELLED

Please write or type below this line

समक्ष–सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

शपथ–पत्र

हम सुदीप भूषण सिंह–अध्यक्ष एवं बृजभूषण शरण सिंह–प्रबन्धक, गोनर्द कल्याण वाहिनी समिति, नवाबगंज, पोस्ट–नवाबगंज, तहसील–तरबगंज, जिला–गोण्डा शपथपूर्वक निम्नवत् बयान करते हैं–

1. यह कि हमारी सोसाईटी द्वारा शिवालिक महाविद्यालय (कालेज ऑफ फार्मेसी), पटना खरगौरा, भिन्गा, श्रावस्ती नामक डिप्लोमा इन फार्मेसी संस्थान की स्थापना सत्र 2023–24 से किया जाना प्रस्तावित है।

2. यह कि हमारी सोसाइटी के नाम ग्राम–पटना खरगौरा, परगना व तहसील–भिन्गा, जिला–श्रावस्ती में गाटा संख्या–157 एवं 158 रकबा क्रमशः 0.4990 एवं 0.7340 हेक्टेयर (कुल रकबा 1.2330 हेक्टेयर अर्थात् 3.05 एकड़) भूमि है।

3. यह कि उपरोक्त भूमि पर किसी प्रकार का कोई भी वाद किसी भी न्यायालय में नहीं चल रहा है और भूमि विवाद रहित है।

4. यह कि उपरोक्त पते पर सोसाइटी के नाम उपलब्ध भूमि के गाटा संख्या 157 एवं 158 रकबा क्रमशः 0.4990 एवं 0.7340 हेक्टेयर (कुल रकबा 1.2330 हेक्टेयर अर्थात् 3.05 एकड़) पर उपरोक्त नाम की डिप्लोमा इन फार्मेसी

अवशेष.............02 पर

Statutory Alert:
1. The authenticity of this Stamp certificate should be verified at 'www.shcilestamp.com' or using e-Stamp Mobile App of Stock Holding. Any discrepancy in the details on this Certificate and as available on the website / Mobile App renders it invalid.
2. The onus of checking the legitimacy is on the users of the certificate.
3. In case of any discrepancy please inform the Competent Authority.

संस्थान की स्थापना किये जाने का प्रस्ताव सोसाइटी की बैठक दिनांक: 01.02.2020 द्वारा पारित किया गया है।

5. यह कि उपरोक्त भूमि पर ही प्रश्नगत डिप्लोमा फार्मेसी संस्थन के संचालन हेतु भवनों का निर्माण अनुमोदित नक्शे के अनुसार किया गया है।

6. यह कि निरीक्षण समिति के समक्ष उपरोक्त पते पर सोसाइटी/ट्रस्ट के नाम भूमि एवं उस पर निर्मित एवं निर्धारित भवनों को ही निरीक्षण समिति के समक्ष निरीक्षण हेतु प्रस्तुत किया गया है।

7. यह कि इस भूमि एवं इस पर निर्मित भवनों पर फार्मेसी काउनसिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली के नियमों के अन्तर्गत ही डिप्लोमा फार्मेसी संस्थान का ही संचालन किया जायेगा।

8. यह कि इस संस्था में फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद से सम्बद्ध पाठ्यक्रम एवं प्रवेश क्षमता के अनुसार ही पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

9. यह कि उपरोक्त भूमि व इस पर निर्मित भवनों में फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली से अनुमोदित एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ से सम्बद्ध संस्था एवं पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त किसी अन्य परिषद/विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित/सम्बद्ध कोई अन्य संस्थान/विद्यालय/महाविद्यालय/आई0टी0आई0 आदि का संचालन न तो पूर्व में कभी किया गया है और न ही भविष्य में कभी किया जायेगा।

10. यह कि संस्थान के संचालन हेतु आवश्यक क्लास रूम, प्रयोगशालाओं एवं कार्यशालाओं आदि को फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद के मानकों के अनुसार ही सुसज्जित किया गया है।

11. यह कि संस्था के संचालन हेतु आवश्यक शैक्षिक एवं अशैक्षिक स्टाफ की तैनाती सोसाइटी द्वारा सत्र प्रारम्भ के पूर्व कर लिया जायेगा।

12. यह कि शासन/परिषद द्वारा निर्गत निर्देशों/आदेशों का भलीभांति पालन करूँगा। यदि मेरे संस्थान से किसी भी समय स्थलीय निरीक्षण में मानकानुसार कोई भी कमी पायी जाती है तो परिषद की निरीक्षण एवं समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा एवं मुझे मान्य होगा। इस हेतु मेरे द्वारा कोई विधिक कार्यवाही नहीं की जायेगी।

13. मैं घोषणा करता हूँ कि मेरे द्वारा दी गयी उपरोक्त सूचना मेरी निजी जानकारी में पूर्ण रूप से सत्य है। यदि दी गयी जानकारी एवं अभिलेख/दस्तावेज फर्जी, कूटरचित अथवा त्रुटिपूर्ण पाये जाते हैं तो मेरे विरूद्ध परिषद द्वारा नियमानुसार कानून संगत कार्यवाही की जा सकेगी। ऐसी की गयी विधिक कार्यवाही हेतु मैं स्वयं उत्तरदायी होऊँगा।

(बृजभूषण शरण सिंह)
प्रबन्धक

(सुदीप भूषण सिंह)
अध्यक्ष

SWORN & VERIFIED
BEFORE ME
ON 01/09/2023

Surendra Kumar Singh
ADV & NOTARY Tarabganj Gonda (U P